# अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय,
## लखनऊ, उ0प्र0

पत्रांक : 33 /कुल सचिव/अ0चि0वि0/2021 दिनांक: 27.01.2021

**कार्यालय–ज्ञाप**

अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय उ0प्र0, लखनऊ के सुचारू संचालन हेतु उ0प्र0 शासन के चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–4 द्वारा शासनादेश संख्या–11/2020/ 264/71–4–2020–137/ 2018, टी0सी0–3, दिनांक 16 मार्च, 2020 के माध्यम से अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ0प्र0 लखनऊ में उप निदेशक (स्थापना) का 01 पद तथा सहायक अभियन्ता (सिविल) का 01 पद अस्थायी रूप से सृजित किया गया है, जिसका विवरण निम्नवत है:–

| पदनाम | प्रस्तावित भर्ती का स्रोत | पदों की संख्या | वेतनमान |
|---|---|---|---|
| उप निदेशक (स्थापना) | प्रतिनियुक्ति | 01 | ग्रेड पे–7600, वेतन बैण्ड 15600–39100 |
| सहायक अभियन्ता (सिविल) | प्रतिनियुक्ति | 01 | ग्रेड पे–5400 वेतन बैण्ड 15600–39100 |

उक्त परिप्रेक्ष्य में विश्वविद्यालय द्वारा उक्त तालिका के अनुसार उप निदेशक (स्थापना) एवं सहायक अभियन्ता (सिविल) के एक–एक पद पर अस्थायी रूप से प्रतिनियुक्ति पर भर्ती किये जाने का निर्णय लिया गया है।

उपरोक्त के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त तालिका में निर्दिष्ट वेतनमान में आपके विभाग में स्थायी रूप में सेवारत जो अधिकारी, अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ0प्र0 लखनऊ में उपनिदेशक (स्थापना) एवं सहायक अभियन्ता (सिविल) के पद पर प्रतिनियुक्ति पर आने के इच्छुक हों, उन्हें अपने स्तर से निम्नलिखित सूचनाओं से अवगत कराते हुए आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें:–

**उप निदेशक (स्थापना)** के कार्यो का संक्षिप्त विवरण:–

क. विश्वविद्यालय के अभिलेखों (जिसमें विश्वविद्यालय के अधिकारियों एवं कार्मिकों केसेवा सम्बंधी अभिलेख भी शामिल हैं) का रख–रखाव।

ख. विश्वविद्यालय की आधारभूत सम्पत्तियों का व्यवस्थापन तथा सम्बंधित अभिलेखों का रख–रखाव।

ग. उप कुलसचिव के रूप में रजिस्ट्रार के कार्यो में सहयोग।

घ. विश्वविद्यालय द्वारा समय–समय पर सौंपे गये अन्य कार्य।

**सहायक अभियन्ता (सिविल)** के कार्यो का संक्षिप्त विवरण:–

क. विश्वविद्यालय के निर्माण में नियमित अनुश्रवण के लिए सहयोग प्रदान करना।

ख. विश्वविद्यालय के लिए दी गयी भूमि के अभिलेखों का रख–रखाव

ग. निर्माण से सम्बंधित सूचनाओं का प्रेषण तथा विभिन्न बैठकों में विश्वविद्यालय की ओर से प्रतिभाग करना।

घ. विश्वविद्यालय के कार्यालय के रख–रखाव में सहयोग तथा विश्वविद्यालय की अचल सम्पत्तियों एवं सम्बंधित अभिलेखों का रख–रखाव।

च. विश्वविद्यालय द्वारा समय–समय पर सौंपे गये अन्य कार्य।

2— प्रतिनियुक्ति के लिये आवेदन की शर्तेः—

1. अभ्यर्थी भारत का नागरिक हो।
2. आवेदन की तिथि को अभ्यर्थी की आयु 55 वर्ष से अधिक न हो।
3. अब तक के सेवा काल में अभ्यर्थी किसी विभागीय जॉच में दोषी न पाया गया हो तथा वर्तमान में कोई विभागीय जॉच प्रचलित न हो।
4. अभ्यर्थी की सत्यनिष्ठा के सम्बंध में कोई प्रतिकूल तथ्य न हों।
5. यदि अभ्यर्थी पूर्व में किसी वाह्य सेवा में प्रतिनियुक्ति पर रहा है तो दूसरी बार वाह्य सेवा पर प्रतिनियुक्ति हेतु स्थानान्तरित करने के पूर्व पैतृक (मूल) विभाग में बीच की सेवा अवधि कम से कम दो वर्ष होनी चाहिए।
6. मूल (पैतृक) विभाग के विभागाध्यक्ष की प्रतिनियुक्ति के लिये अनापत्ति तथा क्रम सं0—2 से 5 तक के विषय में प्रमाण—पत्र आवेदन पत्र के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य है।
7. विज्ञापित पदों के संवर्ग के एकल पद के लिये प्रतिनियुक्ति से भर्ती की कार्यवाही की जा रही है, इसलिये भर्ती प्रक्रिया में कोई आरक्षण अनुमन्य न होगा।
8. प्रतिनियुक्ति के लिए प्रस्तावित प्रक्रिया उ0प्र0 शासन के प्रतिनियुक्ति के विषयक जारी किये गये अद्यतन शासनादेशों के अधीन रहेगी।

3— प्रतिनियुक्ति की अवधि नियुक्ति आदेश की तिथि से तीन वर्षो के लिये होगी जिसे पूर्व में भी समाप्त किया जा सकता है।

4— प्रतिनियुक्ति, वेतन/भत्तों, पेंशन अंशदान आदि के सम्बंध में उ.प्र. शासन के वित्त विभाग तथा कार्मिक विभाग के अद्यतन शासनादेशों के प्राविधान अनुमन्य होंगे।

5— सहायक अभियन्ता (सिविल) की प्रतिनियुक्ति के मामले में शासकीय तथा अर्धशासकीय विभागों में नियमित रूप से नियुक्त ऐसे व्यक्ति जिन्होनें सहायक अभियन्ता (सिविल) के पद पर कम से कम 03 वर्ष की सेवा पूर्ण की हो, आवेदन कर सकते हैं।

विश्वविद्यालय की वेब साईट **www.abvmuup.edu.in** से आवेदन—पत्र डाउनलोड किया जा सकता है। विस्तृत विवरण उक्त वेब साइट पर उपलब्ध हैं। सम्यक रूप से भरे गये आवेदन दिनांक 27.02.2021 तक ई—मेल आई.डी. **Email:regabvmuup@gmail.com** पर संलग्नकों सहित स्कैन करके प्रेषित किये जा सकते हैं। समयावधि में प्राप्त आवेदन पत्रों एवं संलग्नकों की स्क्रीनिंग कुलपति महोदय की अध्यक्षता वाली समिति द्वारा की जायेगी। प्राप्त आवेदन पत्रों के सापेक्ष अभ्यर्थियों का साक्षात्कार दिनांक 06.03.2021 को अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय उ0प्र0, 9वॉ तल ऐकेडेमिक ब्लाक, डा0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, गोमती नगर लखनऊ—226010 में सम्पन्न होगा। अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु समय की सूचना ई—मेल द्वारा दी जायेगी।

कृपया उपरोक्तानुसार सम्बन्धित को सूचित करते हुए अग्रेतर कार्यवाही करने का कष्ट करें।

27.01.2021

(अनिल कुमार सिंह)
रजिस्ट्रार
अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय
उ0प्र0, लखनऊ

पत्रांक : 33 /कुल सचिव/अ0चि0वि0/2021 दिनांक: 27.01.2021

**प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. अपर मुख्य सचिव, मा0 श्री राज्यपाल, उत्तर प्रदेश।
2. प्रमुख स्टाफ ऑफिसर, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश।
3. अपर मुख्य सचिव, कार्मिक विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
4. अपर मुख्य सचिव, वित्त, उत्तर प्रदेश शासन।
5. अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन।
6. अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन।
7. अपर मुख्य सचिव, सिंचाई, उत्तर प्रदेश शासन।
8. प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
9. प्रमुख सचिव, आवास एवं नगर विकास, उत्तर प्रदेश शासन।
10. निदेशक, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उ0प्र0, लखनऊ।
11. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन।
12. समस्त विभागाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश सरकार।

27.01.2021

रजिस्ट्रार

अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ0प्र0

लखनऊ

O/C